आम तौर पर राजू मझे देर से जगाता है लेकिन आज उसने मुझे जल्दी ही जगाया । मैं आराम से सो रही थी और शाहरुख़ खाँ का सपना देख रही थी। इतना मीठा सपना था! जब मैंने अपने पति की आवाज़ सुनी तो मैंने सोचा कि शाहरुख़ ही मुझे जगाने आया है। लेकिन यह तो सपना ही था। मैं नीचे रसोई में गई। मेरे पति ने मेरे लिए दो टोस्ट बनाए थे। मैंने उसे कितनी बार बताया है कि मुझे टोस्ट पसंद नहीं लेकिन वह तो सुनता ही नहीं । चाय में उसने बहुत ज़्यादा चीनी डाली थी । मेरे सिर में दर्द था इसलिए मैंने दो गोलियाँ खाईं। राजू ने मुझे जगाने से पहले ही नाश्ता किया होगा क्योंकि मेरे साथ तो उसने कुछ नहीं खाया । मैंने उससे पूछा कि तुमने मुझे इतनी जल्दी क्यों जगाया, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया । शाहरुख़, तू कहाँ है ?

1- Metinde geçen gramer kuralların analizini yaparak Türkçeye çevirmek.